## एक नजर में

### तेग बहादर साहिब अवतार पूरब आज



**उज्जैन।** गुरुद्वारा सुख-सागर के अध्यक्ष चरणजीत सिंह कालरा ने बताया कि तिलक, जनेऊ के राखे और हिंद की चादर के नाम से पहचाने जाने वाले सिखों के नवम गुरु श्री गुरु तेग बहादर का अवतार पूरब18 अप्रैल को मनाया जाएगा। अखंड पाठ की समाप्ति 9 बजे, 9 .30 बजे से 11 .30 तक बजे सुखमणि साहब का पाठ होगा। सदुपरांत लंगर का वितरण होगा द्य उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब में गुरु तेग बहादुर साहिब द्वारा उच्चरित बाणी 15 रागों में दर्ज है।उनकी बाणी के 59 शबद और 57 सलोक है।गुरु जी के श्लोक श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में 1426 से लेकर 1429 तक सुशोभित है।सिख समाज के संभागीय प्रवक्ता एस एस नारंग ने बताया कि गुरु तेग बहादर साहिब जी की रचित बाणी का मुख्य पक्ष मानव को सांसारिक मोह माया से छुटकारा दिलाकर परमात्मा की स्तुति में लगाना है ।गुरु तेग बहादुर जी की बाणी का केंद्रीय भाव यह है कि एकमात्र परमात्मा ही सत्य है शेष जो भी दृश्यमान है, संसार और शरीर नश्वर है। संपत्ति और संबंध माया है द्य माया आध्यात्मिकता के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है। सिख समाज के संभागीय प्रवक्ता एसएस नारंग ने बताया कि गुरुदेव जी ने अपनी बाणी में कहा है कि परमात्मा सृष्टि का रचयिता है। दुख भंजक है, तारणहार है, अनाथों का नाथ है, अपार, अलख और निरंजन है।उसकी गति कोई नहीं जानता यह एक रंगी भी है और बहुरंगी भी। वह दाता है, रक्षक है, अंग संग सहायक है।परमात्मा मनुष्य के शरीर में आत्मा के रूप में विद्यमान है जैसे पुष्प में सुगंध और दर्पण में प्रतिबिंब है।मानव जन्म दुर्लभ है।अमूल्य है द्य शरीर मिथ्या है, क्षणभंगुर है, संसार, मिथ्या और नश्वर है।संसार एक सपना है बालू की दीवार द्य बादल की छाया है।पानी का बुलबुला है।मृगतृष्णा है।सुरेंद्र सिंह अरोरा, इकबाल सिंह गांधी, बाबा त्रिलोचन सिंह सरपंच, पुरुषोत्तम सिंह चावला, आत्मा सिंह बिग, महेंद्र सिंह विग ने समूह साध संगत को लख लख बधाइयां की गई।गुरुद्वारा सुख सागर के प्रभारी दलजीत सिंह गांधी ने बताया कि गुरु जी के अटूट लंगर का भी वितरण होगा।

### राहगीरों के लिए जल मंदिर का हुआ शुभारंभ




**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन, जल ही जीवन कार्यक्रम के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं दीपज्योति वेलफेयर सोसाइटी, सवित्र फाउंडेशन, उज्जैन द्वारा बाहर से आने वाले दर्शनार्थी एवं राहगीरों के पेयजल हेतु जल मंदिर का शुभारंभ किया।डॉ. दीपक जैन के अनुसार भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, एडवोकेट देवेंद्र शर्मा कोषाध्यक्ष उज्जैन बार एसोसिएशन, डॉ. कपिल कटारिया समाजसेवी द्वारा क्षीरसागर मलखंब एरिना पर जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पवनेंद्रनाथ तिवारी, कैलाश यादव, कोच मोहन बंबोरिया, नरेंद्र गर्ग, राहुल बरोड़, वैष्णवी कहार, अंजली यादव एवं संस्था सदस्य उपस्थित रहे।

### अग्रवाल समाज के जल मंदिर का शुभारंभ



**उज्जैन।** श्री अग्रवाल पंचायत न्यास के सचिव दीपक मित्तल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि अग्रवाल समाज उज्जैन द्वारा भीषण गर्मी में आम जनता के लिए शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देष्य से विभिन्न स्थानों पर प्याऊ लगाई जा रही है ।इसी श्रृंखला में आज प्रथम दो प्याऊ का शुभारंभ किया गया है ।प्रथम प्याऊ बुधवारिया में स्व.श्री नंदकिषोर जी बद्रीलाल जी की स्मृति में एवं दूसरी प्याऊ स्व.श्री गोपालदास जी अग्रवाल की स्मृति में प्रारंभ की गई। प्याऊ का शुभारंभ उज्जैन उत्तर विधायक अनिलजी जैन कालूहेड़ा, पार्षद प्रकाश शर्मा एवं ओम अग्रवाल व श्री अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष निमेष अग्रवाल द्वारा किया गया । इस अवसर पर अग्रवाल पंचायत न्यास के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मित्तल, कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, न्यासी रविप्रकाष बंसल, मधुर चौधरी, संदीप अग्रवाल, अग्रवाल पंचायत न्यास के पूर्व अध्यक्ष भगवानदास एरन, विजय मित्तल, प्रदीप मित्तल, मनोहर अग्रवाल, मयूर अग्रवाल, विजय गर्ग, शैलेन्द्र गर्ग, प्रकाश गर्ग, अनिल गोयल, अषोक अग्रवाल, राजेष बृजवासी, सुरेन्द्र सिंहल, संतोष गर्ग, पुरूषोत्तम मोदी, रामबाबू गोयल, राजकुमार मित्तल, पवन एरन, नवयुवक मंडल अध्यक्ष आयुष अग्रवाल, इन्द्रेष अग्रवाल, मानव गर्ग, तनय गर्ग, दीपक अग्रवाल, दीपक गर्ग, योगेष गोयल, षिवनारायण अग्रवाल, कमलेष गर्ग, अनिल गोयल कप्तान, राजेश गर्ग, दीपक भाया, नितिन सिंहल, तरूण मित्तल, सुनील बी. अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, अभिषेक बंलस, पंकज अग्रवाल, कमलेष मित्तल पटनी बाजार, मनोहर गर्ग, गोविन्द अग्रवाल, विजय गोयल, हरीष मित्तल, विजय गोयल मक्सी रोड, बंटी अग्रवाल, मणिन्द्र अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मीना गर्ग, रितु अग्रवाल, श्रीमती रमा सिंहल, श्रीमती सुधा सिंहल एवं अन्य वरिष्ठ एवं युवा समाजजन उपस्थित थे।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**उज्जैन।** पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंकों से उत्तीर्ण प्रतिभाशाली छात्राएं सम्मानित होंगे।विनोद लाला जन्मोत्सव समिति के संयोजक बाबर खान, एवं अध्यक्ष पंकज जयसवाल ने बताया कि इस वर्ष कक्षा पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंकों से पास होने वाले उज्जैन शहर के छात्र-छात्राओं को 1 मई गुरुवार को सम्मानित किया जाएगा। उप संयोजक डॉ. आसिफ नागोरी एवं सचिव फैसल अहमद ने बताया छात्र छात्राएं अपने अंक सूची की एक फोटोकॉपी पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 25 अप्रैल तक होटल नोवल इन सरोज कुरैशी हरी फाटक वजीर पार्क कॉलोनी 7879151735, न्यू स्टार गेस्ट हाउस हरी फाटक महाकाल रोड 7898626548, इस्लामिक इंटरनेशनल स्कूल आगर नाका 8319596681, ऑफिस सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी 48 अमरपुरा उज्जैन पर अनिवार्य रूप से जमा करें।इसके बाद प्राप्त होने वाली अंक सूची स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9302639292 या 8120007862 पर संपर्क कर सकते हैं। उपरोक्त जानकारी प्रवक्ता इमरान खान एवं अममार मेमून ने दी।

### जल चौपाल का आयोजन किया

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घटिया जिला उज्जैन द्वारा गुरुवार 17 अप्रैल को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम नजरपुर में समिति अध्यक्ष डॉ.भंवरसिंह केलवा के निवास पर जल चौपाल का आयोजन किया गया।




इस अवसर पर नवांकुर संस्था क्षिप्रा उपभोक्ता सरंक्षण समिति के अध्यक्ष कैलाश यादव,नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम छीतरखेड़ी के अध्यक्ष हेमेंद्र पाटीदार,समिति अध्यक्ष डॉ.भंवर सिंह केलवा, विकासखंड समन्वयक मोहन सिंह परिहार एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# महाकाल, महाकुंभ और मोक्षदायनी पर जिलाधीश ने रखी मीडिया के सामने अपनी बात

## सिंहस्थ के निर्माण कार्यों का मीडिया के साथ होगा अवलोकन, यातायात व्यवस्था बनाने से लेकर महाकाल मंदिर में लाएंगे कसावट

**यहां की गलियों में मैंने सायकल चलाई है**

**कुंभ के पूर्व विकास करना यह मेरी जिम्मेदारी है**

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी में दोबारा पदस्थ होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।नगर निगम आयुक्त जब में रहा तो शहर को नजदीक से जाना है, यहां की गलियों में मेने साइकिल चलाई हैं, सभी के साथ तालमेल बनाकर काम किया है। अब सिंहस्थ 2028 जैसे वृहद आयोजन को सफल करना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है।

यह बात गुरुवार को नवागत कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मीडिया से चर्चा के दौरान कही। मीडिया ने शहर में चल रहे हैं निर्माण कार्यों से लेकर सिंहस्थ 2028 के संबंध में सवाल पूछे तो उन्होंने एक-एक करके सभी प्रश्नों को नोट किया और यह भी कहा कि कुछ बिंदुओं का रिव्यू करने के बाद आपके साथ जानकारी साझा की जाएगी।

जिलाधीश रोशन कुमार सिंह ने कहा कि 2028 जैसा आयोजन पूर्ण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है या शहर हमारा है।नगर निगम आयुक्त जब रहा तो मुझे शहर वासियों ने काफी



सपोर्ट किया।मीडिया की भी अच्छी भूमिका रही।अब सभी से यही उम्मीद है कि हम तालमेल बिठाकर समन्वय के साथ कार्य करें जिससे कि महाकुंभ का आयोजन सुलभता से पूर्ण हो सके।

कलेक्टर ने मीडिया के समक्ष कहा कि पुराना शहर हो या नया शहर हो तंग गलियां हो या चौराहे हो सभी का नए सिरे से अवलोकन किया जाएगा। अवैध निर्माण, अतिक्रमण चौड़ीकरण के बिंदुओं पर गौर किया जाएगा, जहां जैसी व्यवस्था बनाई जाना आवश्यक होगी, वो बनाएंगे, शहर का ट्रैफिक दुरुस्त करेंगे। एक सवाल के जवाब में कलेक्टर ने कहा की शहर के ट्रैफिक सुधार की बात हो या हेलमेट अनिवार्य करना हो, इसके लिए जुर्माना पर्याप्त विकल्प नहीं है। ठोस जरूरत है कि आम जनता में जागरूकता हो, इच्छा शक्ति हो और वह हेलमेट लगाकर सड़कों पर चलें। मुझे लगता है जितने भी पत्रकार यहां पर बैठे हैं। उनमें से शायद ही कोई हेलमेट लगा कर आया होगा। तो जरूरत है कि हम सब दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ बदलाव की शुरुआत करें। इंदौर यदि बार-बार नंबर वन आ रहा है तो क्या यह जुर्माने से संभव हुआ है। श्री नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के साथ कलेक्टर ने अवलोकन यात्रा प्रारंभ की। इसके पश्चात उन्होंने यात्रियों के आगमन एवं प्रस्थान मार्ग का भी अवलोकन किया। कलेक्टर सिंह ने इसके पश्चात पिंगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वच्छता एवं चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज के आसपास के मार्ग को दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए, जिससे आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न हो।

### 23 अप्रैल से शुरू होगी पंचक्रोशी यात्रा, पहुंचे यात्रा मार्ग पर

उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रशासनिक अमले के साथ पंचक्रोशी यात्रा की तैयारियों की समीक्षा हेतु विभिन्न पड़ाव स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधाओं, मार्गों की स्थिति, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। शिप्रा नदी की बदहाल स्थिति और घाट की दुर्दशा देखकर कलेक्टर भड़क गए, दरअसल शनि मंदिर पर जब कलेक्टर दलबल के साथ पहुंचे तो वहां पर गंदगी के साथ बदबू भी व्याप्त थी। पीएचई से लेकर जल संसाधन के अधिकारियों की खिंचाई करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पंचक्रोशी यात्रा की शुरुआत होने वाली है और अब तक यहां पर कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है। जल्द यह कार्य शुरू करें, इसके बाद कलेक्टर का काफिला जब केडी पैलेस पर पहुंचा तो वहां पर भी यह स्थिति दिखाई दी, जिस पर कलेक्टर भड़क गए और जल्द व्यवस्था बनाने के लिए कहा। वहीं कलेक्टर का अनेक पड़ाव स्थलों पर स्वागत सत्कार भी ग्रामीणों ने किया।

### बिलेश्वर महादेव मंदिर पर बैठक ली

कलेक्टर ने अम्बोदिया स्थित बिल्केश्वर महादेव मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की तथा संबंधित अधिकारियों को अंबोदिया पहुंच मार्ग की मरम्मत एवं मार्ग की लेवलिंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल तक समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं। पड़ाव स्थल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सेवा धाम आश्रम, अम्बोदिया के संचालक सुधीरभाई गोयल द्वारा नवागत कलेक्टर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत जयती सिंह, नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक, अपर आयुक्त कृतिका भीमावद, एसडीएम एलएन गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बिल्वकेश्वर महादेव के दर्शन और पूजन भी किया। कलेक्टर ने करोहन पड़ाव स्थल पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव स्थल पर आवश्यक सुविधाएं, विशेषकर स्वच्छता को प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। नलवा पड़ाव स्थल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# हत्या की झूठी सूचना देने वाले युवक पर किया प्रकरण दर्ज

## घटनास्थल पहुंची पुलिस को जीवित मिला युवक

**उज्जैन। ग्राम बेरछा में युवक की तलवार से गर्दन काटकर हत्या होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। घटनास्थल पर तस्दीक की गई। जिसकी हत्या होना बताया गया था वह जीवित मिला। पुलिस में झूठी सूचना देने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।**

नागदा से से लगभग 15 किमी दूर स्थित गांव बैरछा निवासी मंगू सिंह पिता जुझारसिंह गुरुवार सुबह लगभग आठ बजे नागदा थाने पहुंचा और कहने लगा कि मेरे भाई पप्पूसिंह की हत्या हो गई है, जिसका सिर किसी ने तलवार से काट दिया है। यह सुनकर पुलिस हरकत में आ गई। सूचना मिलने के बाद एसआई वीरेंद्रसिंह चौहान टीम के मांगूसिंह को लेकर घटनास्थल के लिए रवाना हुआ। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद मांगू सिंह ने वह स्थान बताया जहां पप्पूसिंह सोया करता था। पप्पु मौके पर नहीं था। भारी पुलिस बल को देखकर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी मौके पर एकत्रित हो गए। पुष्टि करने के लिए पुलिस ने पप्पु को बुलाया, कुछ समय के बाद पप्पूसिंह मौके पर आया, जब पुलिस ने राहत की सांस ली। ग्रामीण रामेश्वर नंदेड़ा एवं भारत नंदेड़ा ने संयुक्त रुप से बताया कि मांगूसिंह, पप्पूसिंह और रामसिंह तीनों भाई है मांगू पिछले तीन चार दिनों से अत्याधिक शराब का सेवन कर रहा है। जिससे मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। इसी के चलते वह पुलिस को लेकर नागदा से बैरछा आ गया। मागूसिंह बार बार कहता रहा कि घटनाक्रम रात्रि साढ़े दस बजे का है। यदि मैं झूठ बोल रहा हूं तो शनि मंदिर के कैमरे चैक कर लो, ग्रामीणों ने बताया शनि मंदिर पर कैमरे ही नहीं लगे थे। करीब 1 घंटे तक पुलिस परेशान होती रही और जिसकी हत्या की सूचना मिली थी उसके जीवित होने की पुष्टि होने पर पुलिस ने मामले में झूठी सूचना देने वाले मांगू सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया।

### लालपुल पटरियों से मिली युवक की लाश

उज्जैन। लालपुल रेलवे पटरियों से एक युवक की लाश जीआरपी ने सूचना मिलने के बाद बरामद की है। मृतक के पास से शिनाख्त का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि ट्रेन से कटने पर उसकी मौत हुई है। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा है और आसपास जिले के थानों को मृतक का फोटो भेज गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी मांगी है। जीआरपी ने बुधवार शाम को भी फ्रीगंज ब्रिज के नीचे पटरियों से एक युवक की लाश बरामद की थी। उक्त मृतक भी अज्ञात था जिसको गुरुवार सुबह तक पहचान नहीं हो पाई। पिछले तीन चार दिनों से रेलवे पटरियों से लाश मिलने का सिलसिला सामने आ रहा है। चार दिन पहले नीलगंगा पुलिस ने जयसिंहपुरा शिप्रा ब्रिज के नीचे से एक युवक का शव बरामद किया था। जिसकी पहचान उत्तरप्रदेश के कानपुर में रहने वाले युवक के रूप में हुई थी। यही नहीं भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के नईखेड़ी रेलवे पटरियों से पूर्व में लाश मिलना सामने आ चुका है।

# सोनिया गांधी व राहुल का पुतला फूंका



**नेशनल हेराल्ड घोटाले में ईडी ने दायर की चार्जशीट**

**गांधी परिवार ने देश की जनता को धोखा दिया**

**उज्जैन। प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की है। गांधी परिवार के उक्त भ्रष्टाचार व देश की जनता के साथ धोखाधड़ी से आमजन में रोष व्याप्त है। गुरुवार को निगम सभापति, की उपस्थिति में भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह कुशवाह के नेतृत्व में स्थानीय शहीद पार्क पर प्रदर्शन कर सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। भाजयुमो कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने उक्त भ्रष्टाचारी कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की गई।**

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने बताया प्रदेश नेतृत्व व नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार भाजयुमो द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला दहन व प्रदर्शन किया। इस अवसर पर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा ईडी की चार्जशीट यह स्पष्ट करती है कि गांधी परिवार ने कांग्रेस पार्टी का दुरुपयोग कर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को अपने नियंत्रण में ले लिया, जिसकी संपत्ति दो हजार करोड़ रुपए से अधिक थी और जिसे पत्रकारिता व जनसेवा के लिए बनाया गया था। कांग्रेस पार्टी ने एजेएल को 90.25 करोड़ रुपए का ऋण दिया, जिसे चुपचाप यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया गया, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की कुल हिस्सेदारी 76 प्रतिशत है।यंग इंडिया ने इस 90 करोड़ रुपए के ऋण को माफ कर दिया और केवल 50 लाख रुपए के मामूली निवेश पर एजेएल का पूर्ण स्वामित्त हासिल कर लिया। इस प्रकार गांधी परिवार ने दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, भोपाल, पटना जैसे प्रमुख शहरों की अचल संपत्ति पर कब्जा कर लिया।

### यह साक्ष्य आधारित कार्रवाई है

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र बचाने के लिए नहीं हैं, बल्कि गांधी परिवार को जांच से बचाने का राजनीतिक नाटक है। ईडी ने केवल दस्तावेजों, बैंक रिकॉर्ड, शेयर मार्केट और शेयर होल्डिंग के आधार पर कार्रवाई की है। यह राजनीतिक बदले की नहीं बल्कि साक्ष्य आधारित कार्रवाई है। यह चार्जशीट सिर्फ कानूनी दस्तावेज नहीं, यह नए भारत की चेतना का प्रतीक है। अब देश भ्रष्टाचार, विशेषाधिकार और संस्थाओं पर हमले को बर्दाश्त नहीं करेगा। कानून सर्वोपरि है, और न्याय जरूर होगा। पुतला दहन कार्यक्रम में उज्जैन नगर निगम सभापति कलावती यादव, नगर उपाध्यक्ष आनंद खिंची, मुकेश यादव, जगदीश पांचाल, प्रदेश मंत्री अमय आप्टे, प्रदेश कोषाध्यक्ष जयंत, नगर महामंत्री सुशील वाडिया एवं बड़ी संख्या में युवा साथी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने सुरक्षा की दृष्टि से बनाई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस

**उज्जैन।** प्रतिभाशाली कुछ विद्यार्थियों ने महिलाओं और वरिष्ट नागरिकों की सुरक्षा के लिये अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक डिवाइस का निर्माण किया है। सुरक्षा की दृष्टि से बनाई गई अभिनव डिवाइस की एसपी ने सराहना की और कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलवा आ सकता है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि कुछ विद्यार्थियों द्वारा तीन स्तरीय सुरक्षा तंत्र डिवाइन को तैयार किया है। उन्होने कार्यालय आकर डिवाइस की जानकारी दी। डिवाइस में तीन स्तरीय



तंत्र समाहित है। जो आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत सक्रिय हो जाते है। जब किसी महिला या बुजुर्ग व्यक्ति के साथ कोई अप्रिय घटना होती है उनकी पल्स रेट अचानक बढ़ जाती है। डिवाइस में लगे प्रेशर सेंसर और प्रोग्रामिंग सिस्टम खतरे का संकेत पहचान लेता है। विद्यार्थियों ने बताया कि डिवाइस की मेमोरी में पूर्व से पंजीकृत एक या एक से अधिक मोबाइल नंबरों पर तत्काल मैसेज और कॉल की जाती है। घटना स्थल की अक्षांश और देशांश की जानकारी तत्काल भेज दी जाती है। साथ ही उस स्थान की वीडियो रिकॉर्डिंग स्वत: प्रारंभ होकर पंजीकृत नंबरों पर भेज दी जाती है। डिवाइस किसी सेण्ट्रली लोकेटेड सूचना स्थल से भी जोड़ा जा सकता है, जिससे सुरक्षा प्रतिक्रिया और अधिक सुदृढ़ हो सके। एसपी ने विद्यार्थियों के नवाचार को सुरक्षा तकनीक में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उनकी सराहना करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट्स न केवल तकनीकी दृष्टि से प्रभावशाली हैं, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास की भावना को भी मजबूत करते हैं। उज्जैन पुलिस विभाग भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा। डिवाइस महिला और वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। उन्होने विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया।

### बिजली विभाग के गोदाम में लगी भीषण आग

उज्जैन। बीती रात माकड़ोन के समीप रूपाखेड़ी में खेत के नजदीक बने गोदाम में भीषण आग लग गई। आगजनी में बिजली के उपकरण जल गए हैं। आग पर काबू पाने के लिए 5 से 7 दमकल मौके पर पहुंची थी। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। माकड़ोन थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम रूपाखेड़ी के समीप बिजली विभाग का गोदाम बना हुआ है जहां लकड़ी के रोल पर लिपटी केबल और अन्य सामान रखा हुआ था। रात में अचानक आग लग गई और कुछ देर में ही विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। माकड़ोन सहित तराना, उज्जैन और गेल कंपनी की पांच से सात दमकलें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन लकड़ी के रोल और केबल होने से आग काफी फैली थी जिसके चलते बिजली विभाग को काफी नुकसान हुआ है। सुबह तक आगजनी की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। बिजली विभाग की ओर से शिकायत मिलने पर जांच शुरू की जाएगी।

**अमरनाथ यात्रा** 250 से 300 पंजीयन अब तक हो चुके, लगातार पहुंच रहे श्रद्धालु,

# 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा के लिए पीएनबी में पंजीयन प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** 3 जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा के पंजीयन उज्जैन की पंजाब नेशनल बैंक में शुरू हो गए है। पहले दिन से ही यात्री पंजीयन के लिए बड़ी संख्या में पहुंचने लगे। बैंक अधिकारियों की माने तो अब तक उज्जैन व जिले के यात्रियों के लिए 250 से 300 की संख्या में पंजीयन किए जा चुके हैं। पंजीयन का कार्य प्रतिदिन बैंक समय में जारी रहेगा।

अमरनाथ यात्रा के लिए यात्री ऑफलाइन के अलावा ऑनलाइन भी पंजीयन करवा सकता है। इस बार यात्रा 9 अगस्त तक चलने वाली है। अमरनाथ जाने के लिए दो मार्ग होते हैं पहला पहलगाम व दूसरा बालटाल। पहलगाम वाला रास्ता लंबा करीब 40 किलो मीटर है जबकि बालटाल वाला मार्ग 14 किलो मीटर का ही होता है। लेकिन यहां खड़ी चढ़ाई होती है। जिसे पैदल या टट्टू की मदद से करते हैं।

विदित हो कि अमरनाथ यात्रा के लिए दिल्ली ही नहीं उज्जैन, रतलाम, इंदौर की सामाजिक संस्थाएं अपने लंगर लगाती है और आने वाले यात्रियों के लिये नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती है। इसके साथ ही वहां पर ठहरे यात्रियों को गर्म कपड़े सहित सेवा चाकरी भी की जाती है। इसके अलावा यात्रियों के लिए दवाई सहित उपचार की भी व्यवस्था की जाती है। क्योंकि चढ़ाई के दौरान अधिकांश आक्सीजन की कमी हो जाती है जिससे लोग बीमार हो जाते हैं। उनके लिए उपचार की व्यवस्था के साथ आक्सीजन सिलेंडर रखे जाते हैं ताकि समय पर उपचार दिया जा सके।

अमरनाथ यात्रा के लिए यात्री को पंजीयन करना अनिवार्य है। पंजीयन के लिए पहचान के रूप में आधार कार्ड, पासपोर्ट या वोटर आईडी दे सकते हैं। साथ ही स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जिला अस्पताल से बनवाकर देना होगा जो कि 8 अप्रैल 2025 के बाद का बना हो।

### पंजीयन के लिए यह करें श्रद्धालु, 150 रुपए शुल्क



ऑनलाइन पंजीयन करना चाहते हैं तो अमरनाथ श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट jksasb.nic.in पर जाकर लॉग इन करें। पंजीयन फॉर्म, जरूरी दस्तावेज अपलोड करें। यात्रा शुल्क का भुगतान करें। पंजीयन पूरा होने के बाद ई-मेल के साथ एसएमएस प्राप्त होगा। -ऑफलाइन में श्राइन बोर्ड द्वारा अधिकृत बैंक पीएनबी की शाखा में जाएं। आवेदन फॉर्म भरें और सभी दस्तावेज जमा करें। शुल्क का भुगतान करने के बाद यात्रा पास लें। सामान्य शुल्क 150 रुपए रहेगा।

### एक राष्ट्र एक चुनाव पर परिचर्चा का आयोजन

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मे एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधित परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह परिचर्चा भारतीय जनता पार्टी की और से गठित समिति के संयोजक एवं नगर उपाध्यक्ष आनन्दसिंह खींची की अगुवाई में सम्पन्न हुई। परिचर्चा मे महाविद्यालय छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या मे हिस्सा लिया तथा अपनी जिज्ञासाओं को समिति के समक्ष रखा। समिति के सदस्यों ने एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व तथा आवश्यकता पर बारीकी से छात्रों को बताया। बड़ी संख्या मे उपस्थित छात्रों ने इस मुहिम को अपना समर्थन दिया तथा एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को देश मे लागू करने के पक्षधर दिखाई दिये। जिसमें प्रमुख रूप से आनंद सिंह खींची, हर्षवर्धन सिंह कुशवाह, राकेश पंड्या, संजय गोयल, भाजयुमो जिला महामंत्री सुशील वाडिया व श्रीपाल राजावत, सतीश कोराट, राज भदौरिया, आदित्य उदयवाल व अन्य कार्यकता उपस्थित रहें।